# भाजपा के प्रवेश वाही बने एमसीडी के नए मेयर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम को नया मेयर मिल गया है। 29 अप्रैल को हुए चुनाव में भाजपा ने मेयर और उप मेयर दोनों पदों पर जीत दर्ज की है। मेयर पद पर भाजपा के प्रवेश वाही ने बड़ी जीत दर्ज की है जबकि उप मेयर पद पर भाजपा की मोनिका पंत ने जीत हासिल की है।

मेयर पद के लिए कुल 165 वोट पड़े, जिनमें भाजपा को 156 और कांग्रेस को 9 वोट मिले। मतदान के दौरान सदन की बैठक से आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षद सदन से अनुपस्थित रहे। मतगणना से पहले ही भाजपा के प्रत्याशी प्रवेश वाही की जीत लगभग तय मानी जा रही थी, क्योंकि भाजपा के पास मेयर बनाने के लिए जरूरी वोटों से ज्यादा संख्या थी।

मेयर बनने के बाद प्रवेश वाही ने सीएम रेखा गुप्ता और प्रदेश अध्यक्ष भाजपा वीरेंद्र सचद. ेवा का आभार जताया और कहा कि सफाई व्यवस्था में सुधार करेंगे। कूड़े के पहाड़ तय समय सीमा में खत्म होंगे। जो जो लीकेज निगम में है उसे बंद किया जाएगा। व्यावसायिक गतिविधियों को लेकर जो सर्वे हो रहा उसमें भय का माहौल है। लोग घबराये नहीं वह केवल सर्वे है। कोई सीलिंग नहीं होंगी।

मेयर चुनाव लड़ रही कांग्रेस के पास वर्तमान में केवल नौ सदस्य थे, बीजेपी प्रत्याशी का मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद जरीफ से था। पहले सांसद फिर विधायकों ने मतदान में हिस्सा लिया। मालूम हो कि चुनाव के लिए 23 अप्रैल तक नामांकन हुए थे। भाजपा के महापौर पद के प्रत्याशी प्रवेश वाही तीन बार के पार्षद हैं और मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता की पसंद हैं।

## यमुना किनारे ओ-जोन में 90 कॉलोनियां अवैध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** यमुना नदी के किनारे बने ओ-जोन (फ्लड प्लेन) में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट के निर्देश के बाद दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को सौंपी अपनी रिपोर्ट डीडीए ने बताया कि यमुना के ओ-जोन के करीब 9700 हेक्टेयर क्षेत्र में 90 अवैध कॉलोनियां बसी हैं। ये कॉलोनियां लगभग 807 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली हैं। इस पूरे इलाके में डीडीए की करीब 3969.54 हेक्टेयर जमीन है जिसमें से 184.2 हेक्टेयर पर अवैध कब्जा था। अब तक 15.38 हेक्टेयर जमीन को खाली कराया जा चुका है जबकि बाकी हिस्सों में कार्रवाई जारी है। डीडीए ने रिपोर्ट में बताया कि इन अवैध कॉलोनियों से निकलने वाला गंदा पानी और सीवर सीधे यमुना नदी में गिर रहा है। इससे नदी का पानी तेजी से प्रदूषित हो रहा है जो पर्यावरण और लोगों की सेहत के लिए गंभीर खतरा है। यही वजह है कि इन कॉलोनियों को हटाना जरूरी है। अदालत ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि ये कॉलोनियां एक दिन में नहीं बनी हैं, बल्कि लंबे समय तक हुई लापरवाही का नतीजा हैं। अदालत ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इन अवैध बस्तियों को पूरी तरह हटाया जाए ताकि यमुना को प्रदूषण से बचाया जा सके और फ्लड प्लेन क्षेत्र को सुरक्षित रखा जा सके।

# दिल्ली के कुछ हिस्सों में हुई बारिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली- एनसीआर के कुछ इलाकों में जोरदार बारिश की खबर है। तेज हवाओं और बारिश की बौछारों ने दिल्ली के मौसम में गर्मी पर ब्रेक लगा दिया है। लोग पिछले कुछ दिनों से भीषण गर्मी की से जूझ रहे थे।

मौसम विभाग ने अनुमान जताया था कि 29 और 30 अप्रैल को आसमान में बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश के साथ गरज-चमक हो सकती है। आज के लिए बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। एक और दो मई को मौसम साफ रहेगा और तापमान बढ़कर 40 डिग्री के आसपास पहुंच सकता है। वहीं तीन और चार मई को फिर से बादल छाने और हल्की बारिश के आसार हैं। इसके अलावा, एक नया पश्चिमी विक्षोभ 2 मई से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है, जिसका असर मैदानी इलाकों में शाम तक या फिर अगले दिन दिख सकता है। इस दौरान अधिकतम तापमान 39.2 और न्यूनतम तापमान 28.4 डिग्री दर्ज हुआ। दिल्ली में अधिकतम आर्द्रता 52 प्रतिशत और न्यूनतम आर्द्रता 33 प्रतिशत रही। अगले कुछ दिनों तक मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिलेगा। अगर दिल्ली के अधिकांश हिस्सों में आज बारिश हो जाती है और दिन में बादल छाए रहने के साथ ही हवाएं भी चलती हैं तो इससे भीषण गर्मी पर तो ब्रेक लगेगा ही तापमान में भी कमी आएगी और लोग कुछ गिन लूप-लपट और जोरदार गर्मी से राहत पा सकेंगे। मौसम विभाग के मुताबिक अगले कुछ दिन मौसम में उतार-चढ़ाव रहेगा।

## आईजीआई एयरपोर्ट पर पार्किंग को बनाया जाएगा हाईटेक

**नई दिल्ली।** आईजीआई एयरपोर्ट पर यात्रियों के लिए पार्किंग व्यवस्था को हाईटेक बनाया जाएगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एल्गोरिदम से पार्किंग के खाली स्लॉट, एंट्री और एक्जिट प्वाइंट का सटीक ब्यौरा मिलेगा। इसके लिए अत्याधुनिक सेंसर से लेकर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। यहां पर वाहन लेकर आने वाले लोग पार्किंग के लिए कतार में वाहन खड़ा करने से बचेंगे और उपलब्ध स्लॉट के पार्किंग की स्थिति के बारे में जानकारी जुटा सकेंगे।प्रबंधन ने परियोजना को लागू करने के लिए निविदा जारी कर दी है। यह सिस्टम मुख्य रूप से जनरल एविएशन (जीए) एनेक्स भवन के आसपास स्थापित किया जाएगा।

# बाबा खड़क सिंह मार्ग पर अवैध पार्किंग पर 223 चालान काटे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अवैध पार्किंग रो. कने के लिए बाबा खड़क सिंह मार्ग पर श्री हनुमान मंदिर के बाहर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस एनडीएमसी के साथ मिलकर अभियान चलाया।

इस दौरान वाहन चालकों को निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही अनुचित पार्किंग के लिए 223 चालान किए और 18 वाहनों को क्रेन से उठाया गया।

नई दिल्ली रेंज के डीसीपी ट्रैफिक शोभित सक्सेना ने बताया कि बाबा खड़क सिंह मार्ग पर मंगलवार, शनिवार और रविवार को श्री हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है। इस दौरान सड़क पर वाहन खड़े करने से यातायात बाधित होता है और जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

इसी समस्या से निपटने के लिए यह विशेष अभियान चलाया गया। इसके दौरान वाहन चालकों को दो प्रमुख अधिकृत पार्किंग स्थलों की जानकारी दी गई।

उन्हें बताया गया कि वे कनॉट प्लेस पुलिस स्टेशन के पास एनडीएमसी की मल्टीलेवल कार पार्किंग और बाबा खड़क सिंह मार्ग पर श्री हनुमान मंदिर के सामने बनी पार्किंग में वाहन खड़े कर सकते हैं।



दिल्ली भाजपा अध्यक्ष नवनिर्वाचित महापौर, उपमहापौर, नेता सदन एवं स्थाई समिति सदस्यों का अभिनंदन करते हुए।

# भाजपाध्यक्ष ने महापौर व उपमहापौर का अभिनंदन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के महापौर एवं उप महापौर पदों के चुनाव में भाजपा के वरिष्ठ निगम पार्षद प्रवेश वाही महापौर एवं डा. मोनिका पंत उप महापौर निर्वाचित हुए। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा द्वारा गठित केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, सांसद योगेन्द्र चांदोलिया एवं कमलजीत सहरावत की टोली की व्यवस्था में भाजपा ना सिर्फ महापौर एवं उप महापौर चुनाव जीती बल्कि भाजपा के दो सदस्य मास्टर जय भगवान यादव एवं मनीष चड्ढा निर्विरोध दिल्ली नगर निगम की स्थाई समिति के सदस्य निर्वाचित हुए और साथ ही मास्टर जय भगवान यादव को भाजपा दल का नेता सदन भी चुना गया।चुनाव पश्चात दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा निगम मुख्यालय सिविक सेंटर पहुंचे और उन्होने नवनिर्वाचित महापौर, उप महापौर, नेता सदन एवं स्थाई समिति सदस्यों का पुष्प हार पहना कर एवं मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया।वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा की भाजपा ने इस बार निगम दल में अनुभव एवं युवा जोश दोनों को बराबर का अवसर देते हुए जहां लम्बे अनुभव वाले प्रवेश वाही एवं मास्टर जय भगवान को चुना है तो वहीं डा. मोनिका पंत एवं मनीष चड्ढा को चुन कर युवा जोश को सीखने एवं सेवा करने का अवसर दिया है।

नवनिर्वाचित महापौर प्रवेश वाही का निगम पार्षद के रूप में लम्बा अनुभव दिल्ली के रखरखाव को और बेहतर बनाने में काम आयेगा।

## पक्षियों के लिए पानी अभियान शुरू

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने बढ़ती गर्मी और लू के खतरे को देखते हुए "लू/गर्मी से राहत एवं बचाव की व्यापक कार्ययोजना" लागू करने की घोषणा की। इसके साथ ही परिषद क्षेत्र में पक्षियों के लिए मिट्टी के बर्तनों में पानी रखने का विशेष अभियान भी शुरू किया गया। चाणक्यपुरी सहित विभिन्न स्थानों पर इस पहल की शुरुआत करते हुए चहल ने बताया कि एनडीएमसी क्षेत्र में व्यापक हरित क्षेत्र होने के कारण पक्षियों की संख्या अधिक है, जिनकी सुरक्षा और संरक्षण परिषद की जिम्मेदारी है।

# किराएदार पर था पत्नी के साथ अवैध संबंध का शक, हत्या कर पहुंचा थाने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शालीमार बाग इलाके में एक पति ने अपनी ही पत्नी के प्रेमी की गला रेतकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आरोपी थाने पहुंचा और बोला कि मैंने झुग्गी में एक व्यक्ति की हत्या कर दी है,चाकू भी वहीं पर पड़ा हुआ है। जिसके तुरंत बाद पुलिस ने शव को और खून से सने चाकू को कब्जे में लिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करके शव को पोस्टमार्टम के लिये बाबू जगजीवन राम अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। मृतक के परिवार वालों ने आरोपी के बयान को झुटलाते हुए कहा कि उनके सदस्य को शादी नहीं करने पर मारा गया है। उसको मानसिक रूप से टॉर्चर किया जा रहा था। पुलिस आरोपी और मृतक के परिवार वालों के बयान और मृतक युवक आदि के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल खंगालकर सच्चाई जानने की कोशिश कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतक व्यक्ति की पहचान कन्हैया(29) के रूप में हुई है। वह इंदिरा कॉलोनी झुग्गीबस्ती में किराये पर रहता था। मंगलवार शाम चार बजकर बीस मिनट पर शालीमार बाग थाने में एक व्यक्ति आया। जिसने खुद को इंदिरा कॉलोनी का रहने वाला वीरेंद्र (35) बताया। वीरेन्द्र ने एक पुलिस वाले को बताया कि मैंने अपनी झुग्गी में रहने वाले किराएदार कन्हैया की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी है। पुलिस वालों ने तुरंत अपने आला अधिकारियों को मामले की जानकारी दी। वीरेन्द्र को हिरासत में ले लिया। पूछताछ करने के बाद वीरेन्द्र खुद ही पुलिस वालों को

झुग्गी नंबर टी-210 के अंदर ले गया। बिस्तर पर कन्हैया का शव खून से लथपथ हालत में पड़ा था। गला,पेट आदि पर चाकू के कई निशान थे। वहीं पर खून से सना चाकू भी पड़ा हुआ था। शव और चाकू बरामद करके क्राइम और फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये। वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर भी हत्या करने की पुष्टि हुई। आरोपी वीरेन्द्र ने बताया कि उसे कन्हैया और अपनी पत्नी के बीच अवैध संबंधों का शक था। जिसको लेकर वह कन्हैया को कई बार समझा भी चुका था। कन्हैया के नहीं मानने पर उसने हत्या की वारदात को अंजाम दिया।

छह सात महीने पहले भाई दिल्ली क्लिनिक खोलने का सपना लेकर आया था,जिससे वह अपने परिवार की आर्थिक सहायता में सहयोग कर सके। उसके सपने साकार भी हो रहे थे। कन्हैया के भाई रोहित ने बताया कि पिछले कुछ महीने से भाई पर उसी का मकान मालिक ने अपनी बेटी से शादी करने का दवाब बनाने लगा था। भाई ने बोला था कि वह पहले अपनी बहन की शादी करेगा। उसके बाद अपने बारे में सोचेगा। पिछले काफी समय से मकान मालिक भाई से किराया भी नहीं ले रहा था। मकान मालिक गैरकानूनी धंधों में शामिल रहा है। भाई सपने लेकर आया था,मगर अब हम उसकी लाश को ले जा रहे हैं।

मेरा बेटा अगर मकान मालिक की बात मान लेता तो शायद वो जिंदा होता। उसको तो सिर्फ अपने परिवार की और बहन की शादी की चिंता थी। कन्हैया की मां कुसुम ने बताया कि बेटे को बहुत टॉर्चर किया है,उसको कई लोगों ने घेरकर मारा है। ऐसे लोगों को फांसी होनी चाहिए। बेटे ने आरो. पियों को बोला भी था कि मेरे माता पिता से बात कर लो। अगर करनी है तो,मगर उन्होंने कोई बात नहीं की थी।

मेरे भाई को आरोपियों ने पहले मार डाला अब बचने के लिये मेरे भाई पर ही गंदा आरोप लगा रहे हैं। कन्हैया की बहन खुश्बू ने बताया कि जिस घर में भाई रहता था। उसकी मकान मालिक और उसका बेटा शादी करने के लिये दबाव डाल रहे थे। उन्होनें शादी करवाने के लिये अपनी बहन का नंबर देकर जबरन मिलने का दबाव डाल रहे थे। बस भाई ने उनकी शर्त नहीं मानी और उसको इसी वजह से मार डाला। आरोपियों को फांसी की सजा होनी चाहिए।

बेटे को पहले तो मार डाला,ऊपर से मरने वाले पर गंदा आरोप लगा रहे हैं,अगर आरोपी की पत्नी से बेटे के संबंध थे तो उसका सबूत दिखाओ तो सही। न पुलिस और न ही आरोपी के घरवाले सबूत दिखा रहे हैं। बेटे को अगर इस तरह से हरकत करनी थी तो वह शादी ही नहीं कर लेता। बेटे को तो घर मिलता,परिवार मिलता,मगर उसको अपनी बहन की शादी की चिंता थी। वह यहीं कहता था कि पहले बहन की शादी उसके बाद अपनी शादी के बारे में सोचूंगा। यही वजह है कि वीरेंद्र ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी।

## अंबेडकर रत्न फेलोशिप पुरस्कार से प्रतिभाओं का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्व. विद्यालय के श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज (महिला) एवं सेंटर फॉर सोशल डेवलपमेंट के संयुक्त तत्वावधान में कॉलेज सभागार में स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 'अंबेडकर रत्न पुरस्कार' और 'अंबेडकर पीएचडी फेलोशिप पुरस्कार' प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अर्जुन राम मेघवाल ने अपने संबोधन में भीमराव अंबेडकर और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्र निर्माण में योगदान को रेखांकित किया।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता गौशाला में गौ माता को चारा खिलाते हुए।

# दिल्ली में बनेंगी 13 नई 'जीरो वेस्ट' गोशालाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गौवंश संरक्षण और गौशालाओं के विकास को लेकर अहम घोषणा की। उन्होंने बताया कि राजधानी में बनने वाली 13 नई गौशालाओं को 'जीरो वेस्ट मॉडल' पर विकसित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी कई गौशालाएं कम जगह में ज्यादा गौवंश रखकर उनकी देखभाल कर रही हैं, जिससे पशुओं के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। इस समस्या को दूर करने के लिए सरकार का लक्ष्य है कि गौमाता को पर्याप्त जगह और प्राकृतिक माहौल मिले। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि जब तक नई गौशालाएं बनकर तैयार नहीं हो जातीं और गौवंश का स्थानांतरण पूरा नहीं हो जाता, तब तक मौजूदा गौशालाओं में पशु चिकित्सकों की व्यवस्था और अन्य जरूरी सुविधाएं सरकार लगातार उपलब्ध कराती रहेगी।

मुख्यमंत्री ने यह घोषणा किशनगंज में दिल्ली पिंजरापोल सोसायटी द्वारा संचालित गौशाला परिसर में नवनिर्मित राम मंदिर के 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह के अवसर पर की।

# दिनदहाड़े 70 लाख रूपये की हुई रॉबरी का मामला सुलझा, चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पश्चिमी जिला पुलिस केइंद्रपुरी थामे की टीम ने 70 लाख रूपये की दिन-दहाड़े हुई रॉबरी का मामला सुलझाकर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 53.40 लाख रूपये नकद और रॉबरी में इस्तेमाल बाइक बरामद की है।

दिल्ली के पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त दाराडे शरद भास्कर ने बताया कि 31.मार्च को दोपहर लगभग 03:30 बजे कृषि कुंज, इंद्रपुरी, के पास रॉबरी की एक सनसनीखेज घटना हुई, जिसमें बाइक पर सवार तीन हमलावरों ने शिकायतकर्ता के कर्मचारियों से दिन-दहाड़े 70 लाख रूपये की रॉबरी कर ली। इंद्रपुरी थाने में शिकायत मिलने पर पता चला कि शिकायतकर्ता के दो कर्मचारी 70 लाख रूपये नकद लेकर जा रहे थे, तभी आरोपियों ने उन्हें रोककर रॉबरी कर ली।

जांच के दौरान यह सामने आया कि नकदी की आवाजाही के बारे में अंदरूनी जानकारी विकास (23) नाम के एक कर्मचारी ने लीक की थी, जिसने रॉबरी को अंजाम देने के लिए अपने साथियों मो. कैफ (25), ऋषि यादव (22), सौरभ / बच्चा (23) के साथ मिलकर एक आपराधिक साजिश रची थी। इसके बस इंद्रपुरी थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी मायापुरी इंद्राज मीणा की देखरेख में एसएचओ इंद्रपुरी कीर्ति यादव आईपीएस के नेतृत्व में टीम ने विभिन्न स्थानों से सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया और कई दिनों तक दिल्ली और हरियाणा और उत्तर प्रदेश के आस-पास के इलाकों में लगातार निगरानी और कई बार छापेमारी करने के बाद, चारों आरोपियों को पकड़ लिया।

# विधानसभा में प्रथम विश्व युद्ध पर संगोष्ठी कल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी की दिल्ली विधानसभा में "प्रथम विश्व युद्ध और भारत" विषय पर एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 1918 के ऐतिहासिक युद्ध सम्मेलन के 108 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाएगा, जिसमें मिजोरम के राज्यपाल जनरल विजय कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने संगोष्ठी से पूर्व कहा कि 1918 के युद्ध सम्मेलन का पुनर्स्मरण केवल इतिहास को याद करने का अवसर नहीं, बल्कि उस दौर में भारत की भूमिका और विकसित हुई राजनीतिक चेतना को समझने का महत्वपूर्ण माध्यम भी है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन भारत की ऐतिहासिक भागीदारी और उसके प्रभावों पर गंभीर विमर्श का अवसर प्रदान करेगा। संगोष्ठी का उद्देश्य प्रथम विश्व युद्ध के दौरान भारत की भूमिका का पुनरावलोकन करना और उस समय की राजनीतिक परिस्थितियों तथा राष्ट्रीय सोच को समझना है। इसमें उस ऐतिहासिक संदर्भ पर भी चर्चा होगी, जब भारत की युद्ध में भागीदारी को लेकर व्यापक विचार-विमर्श हुआ था।

# आप नेताओं को जवाब दाखिल करने का अंतिम अवसर दिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को सीबीआई की याचिका पर सुनवाई 4 मई के लिए सूचीबद्ध की। यह याचिका पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और 21 अन्य को शराब नीति मामले में बरी करने के निचली अदालत के आदेश के खिलाफ है।

आप नेताओं ने न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा के समक्ष सुनवाई का बहिष्कार किया। न्यायाधीश ने उन्हें अपना जवाब दाखिल करने का अंतिम अवसर दिया है। 20 अप्रैल को न्यायमूर्ति शर्मा ने मामले से हटने की उनकी याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद केजरीवाल और सिसोदिया ने न्यायाधीश को पत्र लिखकर सुनवाई में शामिल न होने की बात कही।

उन्होंने महात्मा गांधी के सत्याग्रह मार्ग का पालन करने का उल्लेख किया। पूर्व आप विधायक दुर्गेश पाठक ने भी बुधवार को ऐसा ही पत्र लिखा।

सुनवाई के दौरान, न्यायाधीश ने कहा कि अदालत को निचली अदालत का पूरा रिकॉर्ड नहीं मिला है। अदालत ने सीबीआई की याचिका पर सुनवाई 4 मई तक के लिए स्थगित कर दी।

कुछ बरी किए गए आरोपियों ने अभी तक अपने जवाब दाखिल नहीं किए हैं। अदालत ने उन्हें शनिवार तक जवाब दाखिल करने का अंतिम अवसर दिया। अदालत ने 9 अप्रैल के अंतरिम स्थगन आदेश को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर सीबीआई को नोटिस भी जारी किया।

27 फरवरी को निचली अदालत ने केजरीवाल, सिसोदिया और 21 अन्य को शराब नीति मामले में बरी कर दिया था। निचली अदालत ने कहा था कि यह मामला न्यायिक जांच में टिकने में पूरी तरह असमर्थ है।

9 मार्च को उच्च न्यायालय ने सीबीआई के जांच अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की सिफारिश पर रोक लगा दी थी। न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा था कि निचली अदालत की कुछ टिप्पणियां प्रथम दृष्टया त्रुटिपूर्ण प्रतीत होती हैं। केजरीवाल, सिसोदिया और अन्य ने न्यायाधीश को हटाने की मांग करते हुए आवेदन किया था। उन्होंने हितों के टकराव और पूर्वाग्रह की आशंका का आरोप लगाया। उनका दावा था कि न्यायाधीश के बच्चे केंद्र सरकार के वकील हैं, जो सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से काम पाते हैं।

20 अप्रैल को न्यायमूर्ति शर्मा ने इस याचिका को खारिज कर दिया, यह कहते हुए कि न्यायाधीशों को निराधार आशंक. ाओं के कारण खुद को अलग नहीं करना चाहिए। प्रवर्तन निदेशालय की याचिका भी 4 मई को सूचीबद्ध की गई है।

## मालदा टाउन से आनंद विहार चलेगी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

**नई दिल्ली।** ट्रेन संख्या 03435 प्रत्येक सोमवार को मालदा टाउन से सुबह 09:30 बजे रवाना होगी और अगले दिन दोपहर 02:30 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। यह ट्रेन मई महीने में 4, 11, 18 और 25 तारीख और जून में 1, 8, 15, 22 और 29 तारीख को चलेगी। वापसी दिशा में ट्रेन संख्या 03436 प्रत्येक मंगलवार को आनंद विहार टर्मिनस से होगी।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | दिल्ली मंडल के अंतर्गत इलेक्ट्रिक कोचिंग में थ्री-पिन सॉकेट और स्विच प्लेट असेंबली की रेट्रो-फिटमेंट की आपूर्ति, इरेक्शन और कमीशनिंग तथा फ्यूज कार्ट्रिज (RCF/RDSO अनुमोदित) के साथ ग्लास फ्यूज की व्यवस्था। | | |
| निविदा संख्या | 30-विद्युत-12टीआर-कोचिंग-2025-26 | कार्य का अनुमानित लागत (₹ में) | ₹ 1,50,89,169/- |
| निविदा फार्म का मूल्य | ₹ 0.00 | कार्यालय का पता | वरि. मण्डल विद्युत अभियंता/ कोचिंग, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | ₹ 3,01,800/- | कार्य समाप्ति की अवधि | 06 महीने |
| निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय | 21.05.2026 15.00 बजे तक | | |
| निविदा खोलने की तिथि व समय | 21.05.2026 15.01 बजे | | |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in व वरि. मण्डल विद्युत अभियंता/कोचिंग/दिल्ली | | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1444/2026

# भारत की सभ्यता व संस्कृति को जोड़ने वाला लोकार्पण: प्रभारी मंत्री







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को जनपद हरदोई से मा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 36,230 करोड से की लागत से तैयार 594 कि.मी. लम्बे गंगा एक्सप्रेसवे मेरठ-प्रयागराज का लोकार्पण किया गया। जिसका सीधा प्रसारण जनपद मेरठ के ग्राम बिजौली में मुख्य अतिथि मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन उप्र. प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह, व मेरठ के सत्ता पक्ष से जुड़े जनप्रतिनिधियो, अधिकारियो सहित आमजन द्वारा देखा गया। जिलाधिकारी व एसएसपी ने प्रभारी मंत्री व अन्य जनप्रति. निधियो का शॉल ओढाकर व पौधा भेंट कर स्वागत किया।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने गंगा एक्सप्रेसवे में अपनी जमीन देने वाले ग्राम प्रधान ब्लॉक अध्यक्ष को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सूचना विभाग की तरफ से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इस दौरान सब ने देखा कि गंगा एक्सप्रेसवे यूपी के विकास की नई लाइफ लाइन कैसे बनेगा वहीं प्रभारी मंत्री ने कहा कि यह लोकार्पण कोई आम लोकार्पण नहीं है बल्कि भारत की सभ्यता सांस्कृतिक और उसकी आत्मा को जोड़ने का लोकार्पण है। एक और गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण पूरा हुआ है दूसरी ओर इसके विस्तार की योजना पर भी कार्य शुरू हो गया है, जल्द ही गंगा एक्सप्रेसवे मेरठ से आगे बढकर हरिद्वार तक पहुंचेगा। गंगा एक्सप्रेसवे से कम समय में बड़े बाजारो तक पहुंच मिलेगी यहां खेती के लिए जरूरी इन्फास्ट्रक्चर का विकास होगा, जिससे किसानो की आय बढेगी। गंगा एक्सप्रेसवे यूपी के एक छोर को दूसरे छोर से तो जोड़ता ही है यह एनसीआर की असीम संभावनाओ को भी करीब लायेगा। गंगा एक्सप्रेसवे पर गाड़ियां तो दौडेगी ही इसके किनारे नये औद्योगिक अवसर विकसित होंगे। उप्र. का औद्योगिक विकास भारत की सामरिक ताकत बन रहा है। प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक दिन है। वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री के द्वारा गंगा एक्सप्रेसवे का शिलान्यास किया गया था और वर्ष 2026 में आज के दिन प्रधानमंत्री के द्वारा गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण किया जा रहा है। अब मेरठवासी मात्र 6 घंटे में मेरठ से प्रयागराज आसानी से पहुंच सकते है। मेरठ से लखनऊ मात्र 4 घंटे में पहुंच जायेंगे यह एक्सप्रेसवे मेरठवासियो को बहुत बड़ी सौगात है। उन्होने कहा कि हम भाग्यशाली है जो हमने उत्तर प्रदेश में जन्म लिया है। इस दौरान सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेई, राज्यमंत्री ऊर्जा डा, सोमेन्द्र तोमर, महापौर हरिकान्त अहलूवालिया, जिला पंचायत गौरव चौधरी, विधायक कैंट अमित अग्रवाल, विधायक सिवालखास गुलाम मौहम्मद, महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तौगी, जिलाध्यक्ष हरवीर पाल, जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह, एसएसपी अविनाश पांडे, सीडीओ नूपुर गोयल, नगर आयुक्त सौरभ गंगवार, सीएमओ डॉ. अशोक कटारिया, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी, गणमान्य व्यक्ति, आमजन उपस्थित रहे।

# महिला टीचर से दिनदहाड़े लूट करने वाले दो बदमाश मुठभेड़ में हुए लंगड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बीती 21 अप्रेल को महिला टीचर से थाना टीपी नगर में दिनदहाड़े चैन स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ में लंगड़ा किया। दोनों बदमाशों को पुलिस ने न सिर्फ कानून का पाठ पढ़ा है बल्कि मुठभेड़ कर यह भी बता दिया कि अब लूटपाट का जमाना चला गया है अब लूटपाठ करने वाला सीधा जेल जाएगा और बड़ा अंजाम भुगतेगा।

बुधवार सुबह टीपी नगर थाना क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान बाइक सवार दो संदिग्ध युवको को पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन वे भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो बदमाशों ने टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। जिसमें दोनों बदमाशों के पैर में गोली लग गई और वह मौके पर ही गिर पड़े। इसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहसिन और राशिद, निवासी ब्रह्मपुरी, मेरठ के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके कब्जे से दो अवैध तमंचे 315 बोर दो जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस, बिना नंबर की काली स्प्लेंडर बाइक, छीनी गई सोने की चेन का टुकड़ा और 29,500 रुपये नकद बरामद किए हैं। यह वारदात 21 अप्रैल को हुई थी।

नंदन नगर निवासी हरमीत कौर, जो पेशे से टीचर हैं, स्कूल से घर लौट रही थीं। घर के पास स्कूटी खड़ी कर अंदर जाने के दौरान बाइक सवार दो बदमाशों ने उनके गले से सोने की चेन छीन ली और फरार हो गए थे। पीड़िता की शिकायत पर टीपी नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की थी। बुधवार तड़के मुखबिर की सूचना पर पुलिस को पता चला कि दोनों आरोपी मलियाना बंबा से मोहकमपुर पुलिया की ओर आने वाले हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर चेकिंग शुरू की। जिसके दौरान यह मुठभेड़ हुई। सीओ सौम्या अस्थाना ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों के खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पूछताछ में उन्होंने चेन स्नैचिंग की घटना कबूल कर ली है।

# मलिन बस्तियों से गंदगी व कॉमर्शियल टैक्स हटाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग मेरठ इकाई ने नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर शहर की मलिन, दलित एवं अल्पसंख्यक बस्तियों में सफाई व्यवस्था सुधारने और लघु उद्योगों पर लगाए जा रहे कॉमर्शियल टैक्स को समाप्त करने की मांग की है। ज्ञापन में पार्षद रिजवान अंसारी बताया कि इन बस्तियों में रहने वाले लोग छोटे-छोटे घरों में रहकर चप्पल निर्माण, मिट्टी के बर्तन, लकड़ी का काम, सिलाई-कढ़ाई, बुनाई आदि से अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। ऐसे में उन पर कॉमर्शियल टैक्स का बोझ अनुचित है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कई क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। नालियों की नियमित सफाई नहीं हो रही, कूड़ा समय पर नहीं उठाया जाता, जिससे गंदगी के ढेर लग रहे हैं और बरसात में जलभराव की समस्या बढ़ने की आशंका है। संगठन ने नगर निगम से जल्द प्रभावी कार्रवाई करते हुए सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने और छोटे कामगारों को राहत देने की मांग की है।

# स्मार्ट मीटर उखाड़कर प्रदर्शन करने वाली महिलाओं पर एफआईआर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दो दिन पहले बिजली कटौती से परेशान और विद्युत विभाग द्वारा कोई भी सुनवाई न करने से परेशान मोहनपुर की महिलाओं ने अपने घरों पर लगे स्मार्ट मीटर उखाड़ कर बिजली घर पर प्रदर्शन करते हुए उन्हें फेंक दिए थे इसके बाद बिजली विभाग में हड़कंप बज गया था महिलाओं ने आरोप लगाया था कि बिजली विभाग अंधाधुंध बिजली कटौती कर रहा है बिजली का बिल भी बहुत ज्यादा आ रहा है लेकिन विभाग कोई भी सुनवाई करने को तैयार नहीं है इसलिए वह मजबूर होकर प्रदर्शन करने आई थी। वहीं बिजली मीटर उखाड़ कर फेंकने की घटना को बिजली विभाग ने गंभीरता से लिया और थाना सिविल लाइन में प्रदर्शन करने वाली महिलाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। सभी के खिलाफ सरकारी काम में बंधा और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप लगे हैं। पीवीवीएनएल के मुख्य अभियंता वितरण मेरठ रजनीकांत मिश्रा ने कहा कि मीटर उखाड़कर इन लोगों ने सरकारी काम में बांधा डाली है। एक तरह से सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है जो अपने आप में गंभीर मामला है। ऐसे में अब पुलिस अपना काम करेगी। जिन लोगों ने मीटर उखाड़कर फेंके हैं, उनको चिह्नित कर लिया गया है। उनकी समस्त डिटेल जुटा ली गई है। मुकदमे पर विवेचना शुरू हो गई है। बतादें कि इससे पहले महिलाओं ने बिजली विभाग पहुंच कर बिजली घर पर बाहर से ताला डाल दिया था। जो चर्चा का विषय बना रहा।

# भारत – न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता मानव क्षमता निर्माण का भी आधर बने : कुंवर शेखर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ/ दिल्ली।** भारत न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते के अवसर पर भारत मंडपम नई दिल्ली में आयोजित सेक्टोरल राउंड टेबल में अपने विचार व्यक्त करते हुए शोभित विश्वविधालय के कुलाधिपति एवम् एसोचैम राष्ट्रीय शिक्षा परिषद के अध्यक्ष कुंवर शेखर विजेंद्र ने कहा कि राष्ट्रों के बीच सबसे मजबूत समझौते केवल इस आधार पर याद नहीं रखे जाते कि उन्होंने व्यापार को कितना उदार बनाया, बल्कि इस आधार पर कि उन्होंने मानव क्षमता निर्माण में कितना योगदान दिया।

उन्होंने कहा कि व्यापार समझौतों का मूल्यांकन सामान्यत: शुल्क, बाजार पहुंच और आर्थिक लाभ तक सीमित कर दिया जाता है, जबकि किसी भी महत्वपूर्ण द्विपक्षीय समझौते की वास्तविक शक्ति तब सामने आती है जब वह ज्ञान, संस्थागत विश्वास और मानव संसाधन के सुविचारित आदान-प्रदान को दिशा देता है। उन्होंने कहा कि कृषि, डेयरी विज्ञान, खाद्य प्रसंस्करण, स्वास्थ्य सेवाएं और पर्यावरणीय प्रणालियां ऐसे क्षेत्र हैं जहां भारत और न्यूजीलैंड के बीच व्यावहारिक सहयोग नए परिणाम दे सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस समझौते में योग और आयुष को स्थान मिलना विशेष महत्व रखता है। यह इस बात की स्वीकृति है कि भारत की पारंपरिक ज्ञान प्रणालियां आज वैश्विक स्वास्थ्य, निवारक चिकित्सा और समेकित स्वास्थ्य चिंतन में उपयोगी भूमिका निभा सकती हैं। कुंवर शेखर विजेंद्र ने इस महत्वपूर्ण समझौते को उद्देश्यपूर्ण स्पष्टता और उल्लेखनीय गति के साथ अंतिम रूप देने के लिए भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल तथा न्यूजीलैंड के व्यापार एवं कृषि मंत्री टॉड मैक्ले के प्रति सम्मान व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समझौते मेजों पर हस्ताक्षरित होते हैं, पर उनका वास्तविक मूल्य कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, खेतों और अस्पतालों में निर्मित होता है।

# लापता किशोर का शव मिला, ग्रामीणों का प्रदर्शन

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव जौला से तीन दिन पहले लापता हुए किशोर अजय सैनी का शव सीडकी झबरेडा मार्ग पर गांव बोहडुपुर के निकट सड़क किनारे गड्ढे मे पडा मिला। किशोर की हत्या कर शव यहां डालने का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने थाने पर प्रर्दशन कर मामले का खुलासा कर हत्यारोपियों को पकडने की मांग की। मिली जानकारी के मुताबिक गांव के निवासी सागर सैनी का पुत्र अजय सैनी रविवार शाम को उस समय लापता हो गया था जब वह नागल सामान लेने आया था। परिजनों ने गुमशुदगी की तहरीर स्थानीय पुलिस को दी थी और अपने स्तर पर भी उसकी खोज में लगे थे। बताया जाता है कि बीती रात पुलिस ने परिजनों को फोन कर सूचित किया कि अजय का शव बोहडुपुर गांव के निकट निर्माणाधीन पुल के पास पडा है। सूचना पाकर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और शिनाख्त की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। सुबह होने पर जब अजय की मौत की खबर ग्रामीणों को पता चली तो महिलाओ सहित थाने मे आ गये और प्रर्दशन कर पुलिस पर मामले मे लापरवाही का कथित आरोप लगाकर रोष व्याप्त करने लगे। उनकी मांग थी कि मामले का खुलासा कर दोषियों को कडी सजा दी जाये। थाने में पंहुच कर देवबंद थानाध्यक्ष रोजन्त त्यागी ने ग्रामीणों को समझाया और आश्वासन दिया कि पुलिस मामले का खुलासा करने मे लगी है और शीघ्र ही दोषियों को गिरफ्तार कर कडी से कडी सजा दिलवाई जायेगी।

# शोभित विवि ने नैसकॉम यूचर स्किल प्राइम के साथ एमओयू पर किए हस्ताक्षर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय ने उद्योग और अकादमिक जगत के बीच समन्वय को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नैसकॉम फ्यूचर स्किल प्राइम इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार की एक पहल के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस सहयोग का उद्देश्य औपचारिक शिक्षा को उद्योग-प्रासंगिक कौशलों के साथ जोड़ना तथा छात्रों की रोजगार क्षमता को बढ़ाना है।

इस एमओयू पर नैसकॉम की ओर से कामना जैन एवं शोभित विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव डॉ. गणेश भारद्वाज ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. वी.के. त्यागी, डीन अकादमिक्स प्रो. अशोक कुमार, निदेशक प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट डॉ. अभिषेक कुमार डबास , निदेशक डॉ. संदीप कुमार, निदेशक आउटरीच डॉ. नेहा वशिष्ठ, डॉ. लोमस तोमर, प्रो. दिव्य प्रकाश, प्रो. डॉ. अनिल शर्मा, प्रो. आर.के. जैन सहित विभिन्न विभागों के निदेशक एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे। यह साझेदारी शोभित विश्वविद्यालय की उस प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस पहल के अंतर्गत छात्रों को वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र एवं उभरती प्रौद्योगिकियों से संबंधित पाठ्यक्रमों का लाभ मिलेगा। जिससे वह अपने शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक दक्षताओं का भी विकास कर सकेंगे। एमओयू हस्ताक्षर समारोह के उपरांत कामना जैन ने छात्रों के साथ एक इंटरैक्टिव ओरिएंटेशन सत्र आयोजित किया। उद्योग-मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्रों के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि इस प्रकार की पहल छात्रों के करियर निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने यह भी समझाया कि ये प्रमाणपत्र छात्रों के लिए गेम चेंजर सिद्ध हो सकते हैं तथा उन्हें रोजगार योग्य बनाने में अत्यंत सहायक हैं। यह पहल एक भविष्य-उन्मुख और कौशल-आधारित शिक्षण प्रणाली को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो छात्रों को बदलती औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करेगी।

## जनगणना से जुड़े पहलुओं को बताया

**अम्बेहटा।** नगर पंचायत कार्यालय में भारत की जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दूसरे दिन प्रतिभागियों को जनगणना से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी गई। ट्रेनर मेजेंद्र कुमार गौड़ और संजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में प्रगणकों को घर-घर जाकर मकान सूचीकरण, मकानों की गणना और जनसंख्या से संबंधित आंकड़े एकत्र करने की प्रक्रिया समझाई गई। इस दौरान प्रतिभागियों को बताया गया कि सही और सटीक जानकारी जुटाना जनगणना की सफलता के लिए बेहद आवश्यक है।

# विमस के डॉक्टरों ने 18 वर्षीय अयान को दिया नया जीवन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान के मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पीटल ''विम्स'' के अस्थि रोग विभाग के चिकित्सको ने बिजनौर के एक 18 वर्षीय युवक अयान को बहुत जटिल टोटल हिप रिप्लेसमेंट टीएचआर की सफल सर्जरी द्वारा नया जीवन दे दिया।

सर्जरी करने वाले चिकित्सको की टीम ने बताया कि वैसे तो प्रतिवर्ष अपने हॉस्पीटल में सैकडों ''कूल्हा एवं टुटना प्रत्यारोपण'' होते है पर इस केस में युवक की कूल्हे के आस-पास की सभी हड्डियां एवं मासपेशियां पूरी तरह खराब हो चुकी थी। हड्डी रोग विभाग की इस शानदार उपलब्धि से गदगद समूह अध्यक्ष सुधीर गिरि ने सभी को शुभकामनाऐं देते हुए पश्चिमी यूपी के लोगों को सबसे सस्ती विश्वस्तरीय स्वास्थ्य एवं चिकित्सीय सेवाऐं देने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है।

टोटल हिप रिप्लेसमेन्ट सम्पूर्ण कूल्हा प्रत्यारोपण टीएचआर की इस सफल जटिल सर्जरी के बारे में विस्तार से बताते हुए वेंक्टेश्वरा के प्रतिकुलाधिपति एवं संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि के आधिकारिक प्रतिनिधि डॉ. राजीव त्यागी एवं इस सफल सर्जरी को अंजाम देने वाले वरिष्ठ आर्थो सर्जन डॉ. अल्ताफ ने बताया कि आमतौर पर बीस वर्ष की आयु से पहले कूल्हा प्रत्यारोपण बहुत ही दुर्लभ होता है। अयान की कूल्हे की हड्डी के साथ-2 आस-पास की छोटी हड्डी व मासपेशियां बहुत ही विकृत खराब हालत में थी, एवं यह दिल्ली व गुरूग्राम के नामचीन हॉस्पीटल से ईलाज कराकर वापस निराश लौटा था। मरीज पूरी तरह से स्वस्थ है एवं कुछ दिनों में पूरी तरह चलने फिरने लगेगा। सबसे बड़ी बात कि आयुष्मान के अर्न्तगत यह बिल्कुल मुफ्त हुई है। टीएचआर की इस जटिल सफल सर्जरी करने वालो की टीम में एचओडी डॉ. नजमुल हुदा के निर्देशन में वरिष्ठ हड्डी रोग डॉ. अल्ताफ, डॉ. अरविन्द, डॉ. सचिन टूटू, एनस्थीसिया के डॉ. विपिन एवं डॉ. सुखविन्दर सूक्कू आदि लोग उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों ने कलात्मक कौशल का किया प्रदर्शन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** आरके पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ।

इसमें बच्चों ने उत्साह से भाग लेते हुए अपने कलात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। आरके पब्लिक स्कूल प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसके तहत विद्यार्थियों ने लेबर डे के उपलक्ष्य में विभिन्न पोस्टर बनाए।

कक्षा नौ से 11 तक के छात्रों के लिए राइटिंग स्किल्स पर आधारित गतिविधि हुई। इसमें माता विषय पर बच्चों ने अपने भावनात्मक विचारों को लेखन के माध्यम से प्रस्तुत किया। कक्षा प्ले से यूकेजी के बच्चों ने भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इस दौरान बच्चों ने मधुर गीतों की भी प्रस्तुति दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका कपूर एवं शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के मानसिक, शारीरिक एवं रचनात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# सुभारती पॉलिटेक्निक कॉलेज का पूर्व छात्र सम्मेलन 20026 संपन्न




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ के सुभारती पॉलिटेक्निक कॉलेज के पूर्व छात्र संघ द्वारा हपूर्व छात्र सम्मेलन 2026 का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ऐसा सशक्त मंच तैयार करना था, जहां पूर्व छात्र अपने पेशेवर अनुभव साझा कर सकें तथा वर्तमान विद्यार्थियों को कैरियर योजना, रोजगार अवसरों और कौशल विकास के लिए मार्गदर्शन प्रदान कर सकें। सम्मेलन में विभिन्न विभागों के बड़ी संख्या में पूर्व छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूर्व छात्रों से पुन: संपर्क स्थापित करने, उनकी उपलब्धियों का सम्मान करने तथा विश्वविद्यालय से उनके निरंतर जुड़ाव का उत्सव मनाने के उद्देश्य से इस वार्षिक आयोजन का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. डॉ. शल्या राज ने अपने संदेश में कहा कि पूर्व छात्र किसी भी शिक्षण संस्थान की अमूल्य धरोहर होते हैं। उनकी उपलब्धियां विश्वविद्यालय की पहचान को राष्ट्रीय और अंत. रराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करती हैं। विद्यार्थियों को पूर्व छात्रों के अनुभवों से प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए सम्मेलन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन एवं शुभारंभ प्रो. डॉ. सुभाष चंद्र तिवारी प्रधानाचार्य के निर्देशन में हुआ। इस दौरान विभागाध्यक्षों के साथ इंजीनियर कुंवर आरिफ अली, इंजीनियर रीना सिंह और इंजीनियर रितु शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, की पूर्व छात्र विश्वविद्यालय की असली रीढ़ हैं और इसकी प्रगति, प्रतिष्ठा और विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

सम्मेलन में संवादात्मक सत्र, मनोरंजक खेल और रोचक गति. विधियों का आयोजन किया गया। जिनका सभी प्रतिभागियों ने भरपूर आनंद लिया। पूर्व छात्रों ने अपने छात्र जीवन की यादें साझा करते हुए रोजगार के अवसरों, करियर उन्नति तथा भविष्य की संभावनाओं पर बहुमूल्य सुझाव दिए। कार्यक्रम का सफल आयोजन पूर्व छात्र ट्रस्ट की अध्यक्ष डॉ. नूपुर कौशिक तथा इंजी. नियर कुमारी उज्ज्वल के मार्गदर्शन में किया गया। आयोजन टीम में इंजी. नियर कुंवर आरिफ अली, इंजीनियर इब्रान खान, इंजीनियर संदीप कुमार, और इंजीनियर राहुल कुमार का विशेष योगदान रहा। पूर्व छात्र सम्मेलन 2026 का समापन आनंदमय, भावनात्मक और यादगार वातावरण में हुआ, जिसने पूर्व छात्रों और उनके शिक्षण संस्थान के बीच आजीवन संबंधों को और अधिक मजबूत कर दिया।

